दैनिक भास्कर
जोधपुर 31-08-2022

भास्कर एक्सक्लूसिव • बिजनेस-स्टार्टअप के दमदार आइडिया पर सरकार करेगी मदद, युवाओं को पोर्टल पर करना होगा रजिस्ट्रेशन

हमारा इन्क्यूबेशन सेंटर तैयार; स्टार्टअप के लिए टिंकरिंग लैब, वीसी-बोर्ड मीटिंग रूम, ऑडिटोरियम, मेंटर व फंड की सुविधा मिलेगी

शुभ समाचार

मनीष बोहरा | जोधपुर

शहर के पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में इन्क्यूबेशन सेंटर बनकर तैयार है। अगले कुछ दिनों में यह शहर के नए स्टार्टअप और आइडिया का केंद्र होगा। चूंकि नए स्टार्टअप के दौरान सबसे ज्यादा दिक्कत वर्किंग प्लेस की होती है। काम शुरू नहीं होता है और किराया, बिजली खर्च, ऑफिस बॉय आदि का खर्चा शुरू हो जाता है। इसके अलावा फंड के लिए किस तरह वर्किंग होनी चाहिए व डॉक्यूमेंट कैसे तैयार किए जाते हैं आदि की जानकारी नहीं होती है। सरकार इन इन्क्यूबेशन सेंटर में यह सुविधा देगी।

यहां शुरुआती स्टेज में 75 लोगों के बैठने की सुविधा दी गई है, जिसे और बढ़ाया जा सकता है। बिजनेस को आगे बढ़ाने के लिए मेंटर लगाए गए हैं। साथ ही आइडिया चुने जाने पर हर माह ग्रांट मिलेगी। 25 आइडिया सलेक्ट होने पर 25 लाख का लोन भी न्यूनतम ब्याज दर पर दिया जाएगा। जोधपुर के सेंटर से 50 स्टार्टअप जुड़े हुए हैं। ये स्टार्टअप शिक्षा, कृषि, आईटी, पर्यटन, ऑटोमोबाइल, टेक्सटाइल आदि क्षेत्रों में नवाचार करके अपने बिजनेस आइडिया को क्रियान्वित कर रहे हैं।

istart.rajasthan.gov.in पर रजिस्ट्रेशन कर प्राप्त कर सकेंगे सुविधाएं

पॉलीटेक्निक कॉलेज परिसर में बनाया गया इक्यूबेशन सेंटर।

वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग • कई बार क्लाइंट से बात करने के लिए कॉन्फ्रेंस की जरूरत होती है। यहां उसके लिए अलग से रूम बनाया गया है और बड़ी स्क्रीन टीवी के साथ दूसरे इन्क्यूबेशन सेंटर से जुड़ पाएंगे।

टिंकरिंग लैब • यहां काम करने वालों के लिए लैब भी बनाई गई है। इसमें तकनीकी रूप से सहायता मिलेगी। यहां स्टार्टअप अपने हिसाब से काम कर पाएंगे।

गाइडेंस • सबसे अहम है कि यहां मेंटर लगाए गए हैं, जो बिजनेस बढ़ाने व आइडिया डेवलप करने में मदद करेंगे।

2 मीटिंग रूम • जब सेंटर से काम करेंगे तो कई बार मीटिंग करनी होगी, इसके लिए दो से अधिक मीटिंग रूम बनाए गए हैं।

50 सीटर ऑडिटोरियम • 50 सीट का एक ऑडिटोरियम भी बनाया गया है, जहां एक साथ बैठकर ट्रेनिंग दी जा सकती है।

• सीड्स फंडिंग यानी प्रोडक्ट बनाने को मदद मिलेगी। इसमें रजिस्ट्रेशन के लिए स्टार्टअप istart.rajasthan.gov.in पर रजिस्ट्रेशन कर सुविधाएं प्राप्त कर सकेंगे।